सार-समाचार

मोहता संभागीय संगठन मंत्री बने


मीठालाल मोहता

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर व्यापार संघ अध्यक्ष मीठालाल मोहता को राजस्थान खाद्य व्यापार संघ का संभागीय संगठन मंत्री बनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान खाद्य व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता द्वारा मोहता को वर्ष 2024-25 व 2025-26 दो वर्ष के लिए संभागीय संगठन मंत्री मनोनयन किया गया है। मोहता के जानकार लोगों में इस बात की खुशी है।

मोहनलाल बसपा के अध्यक्ष नियुक्त

सायला, (निसं)। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई जालोर की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम बारूपाल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश महासचिव हरीश गोड व प्रदेश सचिव सुखराम बोस की उपस्थिति में भीनमाल स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। प्रदेश सचिव सुखराम बोस ने बताया कि बैठक में जिला संगठन को रिन्यू करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर मोहनलाल पोषाणा को नियुक्त किया गया। जिला प्रभारी गणपत प्रजापत व तलेश कुमार सायला, जिला उपाध्यक्ष मसराराम, जिला महासचिव ललिता बनिया, जिला सचिव जैसाराम, खजांची उमराव खान, जिला कार्यकारिणी सदस्य जाकिर हुसैन, ओटाराम, जिला बीएफ संयोजक मोहनलाल, नगर अध्यक्ष जबराराम को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बारूपाल ने कहा कि कार्यकर्ता संगठित होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को सर्वसमाज में फैलाकर सर्वसमाज को बीएसपी से जोडने का काम करें। प्रदेश महासचिव हरीश गोड ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है, बसपा ही सर्वसमाज को मान सम्मान अधिकार दिला सकती हैं। प्रदेश सचिव सुखराम बोस ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीड की हड्डी बताते हुए आगामी चुनावों में बसपा की ताकत दिखाने की बात कही। इस दौरान जिलेभर से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सायला में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

सायला, (निसं)। सायला शहर के विवेकानंद विद्या मंदिर में 68वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग 17/19 वर्ष का भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, जालोर कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन दीपसिंह धनानी एवं सीबीईओ भंवरलाल परमार के आतिथ्य में समापन हुआ। प्रतियोगिता सचिव सुशील दवे ने बताया कि प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयुवर्ग में 13 टीम एवं 17 वर्ष आयुवर्ग में 16 टीम के कुल 328 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान मरुधर विद्यालय थोबाऊ, द्वितीय स्थान राउमावि जालमपुरा एवं तृतीय स्थान राउमावि खेतलवास ने प्राप्त किया। जबकि 17 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान राउमावि थोबाऊ, द्वितीय स्थान राउमावि चौंचवा एवं तृतीय स्थान महात्मा गांधी विद्यालय डाबली ने प्राप्त किया। विजेता टीम को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। संस्थाप्रधान महेश दवे ने आभार भाषण दिया। मंच संचालन नवाराम सुथार ने किया। इस अवसर पर शंभूसिंह दहिया, संघवी मांगीलाल फोलामुथा, वि मसिंह धानसा, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, प्रतियोगिता प्रभारी किशोरसिंह राजपुरोहित, संयोजक असलम खान, डूंगराराम राणा, नोपाराम, अरुण कुमार, अशोक कुमार, वि मसिंह, नूर मोहम्मद, शबाना परवीन, मघाराम, महेश दाधीच, राकेश, लीला दायमा आदि उपस्थित रहे।

विजेता टीम का स्वागत किया

रेवदर, (निसं)। रेवदर 68 वीं जिला स्तरीय 19 वर्ष आयु वर्ग कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में जिला स्तर पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर की टीम प्रथम विजेता रही। जिसका स्वागत व अभिनन्दन कार्यक्रम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर में आयोजित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह ने सभी खिलाडियों, शारिरिक शिक्षिका उर्वशी मीणा व विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए खिलाडियों को भविष्य में खेल के क्षेत्र में आगे बढने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ओमजी लाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर विजेता होने के साथ दो खिलाडियों का कबड्डी में राज्य स्तर पर भी चयन हुआ है। इस अवसर पर श्री राम कुटिया के महंत रामानन्द जी महाराज, समाजसेवी कान्ति लाल दवे, व्याख्याता पोपट लाल छीपा, राधेश्याम, शिक्षक वासुदेव गर्ग, हंस कुमार जांगिड, संजय दत्त, मुकेश कुमार, कमलेश कुमारी, उमेश कुमार, सत्यपाल सिंह, वंदना गर्ग, चंदू राम, महेन्द्र कुमार भाट व बडी संख्या में ग्रामीण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

बिशनगढ़ स्कूल में भामाशाह का सम्मान

सायला, (निसं)। सायला के निकटवर्ती बिशनगढ स्थित राउमावि में भामाशाह शांतिलाल पुत्र सुखराज जैन द्वारा बर्तन, पंखे, कुर्सियां आदि भेंट करने पर विद्यालय परिवार द्वारा साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। संस्था प्रधान नरसिंहदास वैष्णव ने बताया कि भामाशाह शांतिलाल जैन द्वारा विद्यालय में 5० स्टील थाली, 6 पंखे, 1 लोहे का बक्सा, स्टील की दो बाल्टी, दो ब? चम्मच, पांच ग्रेनाइट की कुर्सियां, स्कूल के मुख्य दरवाजे पर नाम, विद्यालय संबंधी जानकारी एवं प्रतिभावान छात्रों के लिए बोर्ड लगाने की घोषणा की। साथ ही आगे भी विद्यालय में सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिस पर संस्थाप्रधान वैष्णव द्वारा भामाशाह जैन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान व्याख्याता सोनाराम, अरविंद समेत विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का शुभारम्भ

जोधपुर, (कासं)। ईस्टर्न फाउंडेशन ऑफ़ आर्ट एंड कल्चर की आठवीं सालाना राष्ट्रीय आर्ट एक्सहिबिशन का गुरुवार को राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल आर्ट गैलरी में शुभारम्भ हुआ। इस प्रदर्शनी का रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन होगा। इस प्रदर्शनी में देश के कोने-कोने से 60 चयनित कलाकृतियां प्रदर्शित हो रही है। प्रदर्शनी का वरिष्ठ फोटोग्राफर शिवजी जोशी और विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरा सिंह ने प्रदीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन किया। समारोह में चित्रकार अजय सिंह राजपुरोहित, टीकम खंडप्पा, मनोज कुमार संधा, इशिता सोनी, करिश्मा सोलंकी, नक्षत्र दत्त, दीपक व्यास, हंसिका कश्यप आदि कलाकार उपस्थित रहे। वरिष्ट फोटाग्राफर शिवजी जोशी ने प्रदर्शनी में लगी कलाकृतिओं की प्रसंशा करते हुए कहा की चित्र साहित्य एबं फोटोग्राफी की जननी है।

सचिन पायलट आज जोधपुर आएंगे

जोधपुर, (कासं)। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट शुक्रवार को सुबह नौ बजे रेल मार्ग से जोधपुर आएंगे। सचिन पायलट के जोधपुर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया इसके बाद वे सर्किट हाउस जाएंगे। वहां से सुबह 11 बजे खेजड़ली शहीदी मेले में शामिल होंगे।

गबन का महिला कर्मचारी पर केस

जोधपुर, (कासं)। शहर के भगत की कोठी क्षेत्र में चल रहे एक निजी शिक्षण संस्थाण में काम करने वाली महिला कर्मचारी पर पांच लाख रूपयों का गबन किए जाने का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने नामजद महिला कर्मचारी के खिलाफ अब जांच आरंभ की है। रूपयों का गबन फीस लेन देन में किए जाने की आशंका जताई जाती है। भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि जेएनसी एज्युकेशन प्राईवेट लिमिटेड संचालक दिनेश कुमार की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसके अनुसार 11 अगस्त 2021 से 12 मई 2024 के बीच में उसके यहां पर कार्यरत केश लिपिक जैतारण हाल प्रातपनगर की रहने वाली हर्षिता ने पांच लाख की हेराफेरी कर ली। शिक्षण संस्थान में आने वाली फीस को लेकर यह हेरफेर किया गया है।

दिया कुमारी आज जोधपुर आयेंगी

जोधपुर, (कासं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शुक्रवार को जोधपुर आयेंगी। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार, 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी तथा जोधपुर एयरपोर्ट से दोपहर 12.30 बजे खेजड़ली शहीदी स्थल पहुंचकर दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक वे खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय स्थल, जोधपुर में आयोजित शहीदी मेले एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगी।

वासुदेव देवनानी आज पहुंचेंगे

जोधपुर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को रात्रि 8 बजे जोधपुर आयेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे शनिवार को प्रातः 8 बजे विधायक सूरसागर देवेन्द्र जोशी के माताजी के निधन पर परिवार को सांत्वना के लिए निवास स्थान जायेंगे।

अधिकारी व कर्मचारी सच्चे लोक सेवक के रूप में कार्य करें : मंत्री खर्रा

पाली, (नि.सं.)। स्वायत्त शासन व जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्मिक सच्चे लोक सेवक के रूप में कार्य करके आमजन को राहत दें।

उन्होंने कहा कि जिस जरिये से आपका घर परिवार चल रहा है उसके साथ ईमानदारी के साथ कार्य करें और जिस प्रकार से घर में हमारा सजग उत्तरदायित्व होता है, ठीक वैसे ही अपने शहर प्रदेश मुल्क को अपना घर मानकर सच्चे लोक सेवक के रूप में कार्य करें और आमजन की समस्याओं का समाधान करें।

जिला प्रभारी मंत्री खर्रा गुरूवार को जिला परिषद् सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाओं एवं बजट घोषणाओं को टाइमलाइन में पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए योजनाबद्ध, समयबद्ध रूप से काम करने के साथ ही नियमित मॉनिटरिंग करें।उन्होंने कहा कि जनता के साथ खड़ा रहना हमारा उत्तरदायित्व है।

उन्होंने तात्कालिक व दीर्घकालिक समाधान के बारे उपायों के बारे में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि हर कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा हो जिससे कि प्रदेश जल्द विकसित बन सके।

पाली में स्वायत्त शासन व जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रजत विहार व नया गांव सहित जल भराव प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

बजट घोषणाओं भूमि आवंटन व कार्यों की ली जानकारी

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए भूमि आवंटन के कार्य को जिन कार्यों के लिए भूमि आवंटन हो चुका है, उनके निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए तथा शेष कार्यों के लिए भूमि आवंटन शीघ्र किया जाए।

आपदा राहत प्रस्ताव भिजवाने के बारे में चर्चा की

प्रभारी मंत्री ने जिले में हुई बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, नहरों और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट, गिरदावरी रिपोर्ट भिजवाए जाने के बारे में आवश्यक निर्देश दिए, ताकि नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके।

उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेशभर में तेज बारिश के कारण जल भराव की स्थिति बनी है। जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

रोजगार उत्सव की तैयारियों के बारे में दिये निर्देश

उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने 17 सितंबर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर करने की तैयारी की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला प्रमुख रश्मि सिंह मौजूद रही। सोजत शोभा चौहान व मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी ने अपने क्षेत्र के बारे संबंधित समस्याओं से अवगत कराया और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

कलैक्टर मंत्री ने विस्तार से कार्यों की जानकारी दी

जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने विभागवार प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी घोषणाओं की प्रगति की जिला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया अतिवृष्टि से हुये नुकसान, मकान, जन हानि, पशु क्षतियों के बारे में, 250 लगभग रेस्क्यू, राहत मरम्मत के प्रस्तावों के बारे में, भूमि आवंटन, बजट घोषणाओं में कार्रवाई, सड़क मरम्मत, पानी निकासी, मडपम्प, तात्कालिक राहत के बारे में, रोजगार मेला, उद्घाटन शिलान्यास, चिकित्सा विभाग के नवाचार आयल बॉल्स, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये किये जा रहे प्रबन्धों के बारे में व अन्य आवश्यक जानकारी दी।

साथ ही यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना ने अतिवृष्टि के बाद पानी निकासी आदि की व सीएमएचओं डॉ विकास मारवाल ने आयल बॉल्स नवाचार के बारे में व विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागो, जिसमें प्रमुख पानी, बिजली, सड़क पीडब्लूडी, चिकित्सा, नगर निगम, पशुपालन आदि की जानकारी दी।

बैठक में नगर निगम महापोर रेखा राकेश भाटी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईएफएस बाला, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, जिला परिषद सीईओ नन्दकिशोर राजौरा, यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना,उपखंड अधिकारी, अशोक कुमार, सहित जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सुनील भंडारी, त्रिलोक चौधरी ,राकेश भाटी आदि उपस्थित रहे।

बैठक के बाद जिला प्रभारी मंत्री खर्रा ने पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला कलैक्टर एलएन मंत्री सहित आला अधिकारियों के साथ शहर के जल भराव प्रभावित क्षेत्रों का जिनमें रजत विहार व नया गांव विभिन्न इलाकों का जायजा लिया व आवश्यक निर्देश दिए एवं समस्या का जल्द समाधान करने के लिए कहा।

इस अवसर पर पूर्व सभापति, महेन्द्र बोहरा, पूर्व उपसभ.ापति कुसुम सोनी, एडीएम, डॉ बजरंग सिंह, यूआईटी सचि०, डॉ पूजा सक्सेना, उपखड अधिकारी पाली, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कारावास

जालोर, (कासं)। पोक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीष भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने गुरूवार को दुष्कर्म के आरोपी को दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार पीडिता के पिता ने झाब पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह और उसका परिवार किसी घरेलू कार्य से बाहर गये हुए थे और घर पर उसकी पन्द्रह वर्शीय पुत्री घर पर अकेली थी। 20 अगस्त 2023 की षाम करीब 5 बजे एक बोलरो कैम्पर गाडी आई, जो उसके घर के पास आकर रूकी। गाडी में से दो व्यक्ति नीचे उतरे। उसमें धर्मसिंह पुत्र अमरसिंह निवासी केसुम्बला पाना जैसलमेर और उसके बहनोई दिनेष दोनो ने घर में आकर भैसो को चारा डाल रही। उसकी पुत्री को जबरदस्ती पकडकर उठाकर कैम्पर गाडी में डाल दिया तो उसकी पुत्री जोर जोर से चिल्लाने लगी तो आवाज और हो हल्ला सुनकर पडौसी देखकर आये व हल्ला किया।

तब तक उसकी पुत्री को जबरदस्ती गाडी में डालकर आरोपी भाग गये। धर्मसिंह दिनेष का साला लगता है। और एक साल से दिनेष के साथ रहता था और दोनो एक ही बात पर उसकी बेटी को उठाकर ले गये।

पुलिस ने मामला दर्ज कर पीडिता को केसुम्बला पाना के पन्ने खा के खेत से दस्तयाब किया गया। पुलिस ने आरोपी धर्मसिंह को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अभियोजन पक्ष पीडिता को नाबालिग साबित नही कर सका। लेकिन पीडिता के साथ धर्मसिंह द्वारा दुश्कर्म करना साबित हुआ।

पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीष भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने गुरूवार को आदेष देते हुए आरोपी धर्मसिंह को दुश्कर्म का दोशी मानते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

सरकार की ओर से पैरवी रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

घांची समाज ने समारोह में संतों का सत्कार किया


नंदगांव केसुआ में संत सत्कार समारोह में बनासकांठा, जालोर, सिरोही व सांचौर के घांची समाज के प्रतिनिधियों ने देशभर से आए संतों का सत्कार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

रेवदर, (निसं)। श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव के तहत आज संत सत्कार समारोह में नंदगांव केसुआ में बनासकांठा, जालोर, सिरोही व सांचौर के घांची समाज के प्रतिनिधियों ने देशभर से आए संतों का सत्कार किया।

इस दौरान समाज के लोगों ने गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज, सुरजकुंड के पूज्य सिद्ध संत श्री अवधेश चैतन्य जी महाराज व पूज्य महंत चेतनानंदजी महाराज डण्डाली आबुराज आदि संतो से आशीर्वाद लिया। इस दौरान चातुर्मास में पधारे घांची समाज के गोभक्तो ने अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, हरिद्वार, चित्रकूट, काशी, पुरी व 121 दंडी स्वामी सहित देशभर के सैकडों यतीवृन्द संत महात्माओं का तिलक अर्चन साष्टांग दण्डवत प्रणाम कर विधिवत सत्कार संपन्न किया।

इससे पूर्व घांची समाज के सैंकडों लोगों ने मनोरमा गोलोक परिक्रमा कर गौपूजन किया। संत सत्कार समारोह को संबोधित करते हुए गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज ने कहा कि घांची समाज ने गोसेवा के क्षेत्र में अपना अतुल्य योगदान दिया है। द्वापर युग में ग्वाल परिवार के सहयोगी जातियों में घांची समाज के वंशजों ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और गोमाता की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया था। आज भी घांची समाज हर क्षेत्र में समृद्ध और प्रभावशाली है। समाज के प्रतिनिधियो ने देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपने प्रभाव की गहरी छाप छोडी है, यह किसी से छुपा नहीं है।

इस अवसर पर मेघराज मोदी मेडा जागीर, अनाराम बोराणा जिला प्रमुख सिरोही, हकमाराम मोदी मेडा जागीर, पवन राठौड सरपंच रोहिडा, सोमाराम घांची नितोडा, भीमाराम पटेल नांदिया पिंडवाडा, नारायण दुलीचंद केलवाडा, बाबूलाल घांची रानीवाडा, वेनाराम घांची चांगवा, डायालाल घांची डबाल युवा अध्यक्ष, तोसाराम देवडा आजोदर सहित घांची समाज के सैंकडों बंधु मौजूद रहे। मंच का संचालन डूंगराराम पुरोहित सांचौर ने किया।

संत सत्कार समारोह में समाज के भामाशाहाओं और विभिन्न मनोरथियों का संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रह्मदत्त पुरोहित, महामंत्री अर्जुन सिंह तिवरी, वरिष्ठ ट्रस्टी केसाराम सुथार, नागजीराम मेडा, गोपाल शाह अहमदाबाद ने सम्मान किया।

पाली में महाराजा उम्मेद मिल्स से विशाल तेजाजी महाराज की ध्वजा यात्रा ढोल नगाड़ा के साथ निकाली। विशाल ध्वज के आगे नाचते गाते लोग जुलूस के आगे जलती ज्योत के साथ धीरे-धीरे मिल चांदी स्थित तेजाजी मंदिर पहुंची। जहां पर झंडा चढ़ाया गए और नारियल प्रसाद चढ़ाया। रात्रि में जागरण भी हुआ। शुक्रवार सुबह विशाल ध्वज ब्यावर मेले में जायेगा। फोटो-राष्ट्रदूत

खेजड़ली मेला आज, देश भर से लोग आएंगे

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के पास खेजड़ली के 363 शहीदों के बलिदान स्थल स्थल पर मुख्य मेला 13 सितंबर को भरा जाएगा। इसी क्रम में कई धार्मिक कार्यक्रम मेला स्थल पर चल रहे हैं। गुरुवार को भामाशाहों की ओर से नवनिर्मित जंभेश्वर भगवान के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। मंगल गीतों के साथ मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित किए गए।

294 साल पहले 363 लोगों ने जान दी थी

जोधपुर में पर्यावरण और खेजड़ी के पेड़ बचाने के लिए 294 साल पहले 363 लोगों ने जान दी थी। उनकी याद में जोधपुर जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर खेजड़ली गांव में हर वर्ष मेला भरता है। इस बार कल 13 सितंबर को मेला भरेगा।

आंदोलन की प्रणेता अमृता देवी सहित मारे गए 363 लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पूरे देश से लोग पहुंचने लगे हैं। मेले में आने वाली महिलाएं सोने के जेवरातों से सज-धजकर पहुंच रही है।

13 सितंबर (शुक्रवार) को खेजड़ली गांव में बिश्नोई समाज के आराध्य जम्भेश्वर भगवान के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। इसके लिए समाज के लोगों ने 8 करोड़ रुपए से ज्यादा की बोली लगाई है।

सितंबर 1730... मंगलवार का दिन था। मारवाड़-जोधपुर के महाराजा अभय सिंह नया महल बनवा रहे थे। महल निर्माण के लिए लकड़ियों की जरूरत थी। महल से 24 किलोमीटर दूर गांव खेजड़ली से पेड़ काटकर लाने का आदेश दिया गया था। सैनिक खेजड़ली गांव पहुंचे और रामू खोड़ के घर के बाहर लगा खेजड़ी का पेड़ काटने लगे। इसका रामू की पत्नी अमृता देवी ने विरोध किया था।

वह विरोध करते हुए पेड़ से चिपक गई थीं। तब महाराज के सैनिकों ने उन्हें कुल्हाड़ी से काट दिया था। इसके बाद 362 लोग खेजड़ी के पेड़ से चिपक गए। उन सभी को खेजड़ी के साथ ही काट दिया गया था।

जब महाराजा अभय सिंह तक यह बात पहुंची तो उन्होंने पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी। महाराजा ने बिश्नोई समाज को लिखित में वचन दिया कि मारवाड़ में कभी खेजड़ी का पेड़ नहीं काटा जाएगा। इस दिन की याद में खेजड़ली में हर साल शहीदी मेला लगता है। वन्य जीवों को बचाने में भी बिश्नोई समाज हमेशा आगे रहा है। हिरणों को बचाने के प्रयास में समाज के कई लोग शिकारियों की गोली का शिकार हो चुके हैं।

जाम्भाणी हरिकथा का आयोजन हो रहा है

जोधपुर खेजड़ली शहीद अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष मलखान सिंह बिश्नोई ने बताया कि मेले को लेकर 6 सितंबर से जाम्भाणी हरिकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार मेले में लाखों लोगों के आने की संभावना है। पमेले में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से बिश्नोई समाज के लोग, संत, जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए आएंगे।

तहसील, पंचायत समिति व उप कारागाह का निरीक्षण

भीनमाल कारागाह का निरीक्षण जालोर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को भीनमाल में तहसील व पंचायत समिति कार्यालय एवं उप कारागृह का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने तहसील व पंचायत समिति कार्यालय भीनमाल के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया तथा रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहत्तर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय में ई-फाईल के निस्तारण करने के साथ ही संपर्क पोर्टल पर परिवादों का जल्द निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने तहसील कार्यालय में कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने अनुपयोगी सामानों का निस्तारण करने के साथ ही कार्यालय साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर दौलतराम चौधरी साथ रहे।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के उप कारागृह भीनमाल पहुँचने पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने उप कारागृह में बंदियों से कारागृह व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत कर उनकी दिनचर्या व मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीमार बंदियों के उपचार के लिए कारागृह में चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जिला कलैक्टर ने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उप कारागृह में सुरक्षा व्यवस्था व साफ-सफाई पर कार्मिकों को निर्देशित किया।